# एसीएस ने किया जिला अस्पताल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

## वर्णवाल पहुंचे मैहर, बनेगा 300 बिस्तर वाला अस्पताल



**नवभारत न्यूज**
**मैहर 26 अप्रैल. अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य श्री अशोक वर्णवाल ने रविवार को मैहर जिले के भ्रमण के दौरान मैहर में बनने वाले 300 बिस्तरीय अस्पताल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।**

उन्होंने निर्माण के लिए चयनित स्थान की उपयुक्तता का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल मैहर का भी निरीक्षण किया। एसीएस श्री वर्णवाल ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए सफाई कार्य की ठेका एजेंसी को बदलने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य श्रीमती अवधिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, एसडीएम दिव्या पटेल, सिविल सर्जन डॉ. आरएन पाण्डेय भी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव ने विजिटर रजिस्टर में टिप्पणी करते हुए कहा कि अस्पताल में जो सकारात्मक माहौल देखने को मिला है, उसे निरंतर बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इसके उपरांत उन्होंने देवराजनगर के सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया।

### सीएचसी रामनगर भी देखी

मैहर जिले के रामनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और स्टाफके कार्य को सकारात्मक ऊर्जा बताते हुए संतोष व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी, एसडीएम एसपी मिश्रा, बीएमओ डॉ. आलोक अवधिया, तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धार्वे, रोशनलाल रावत, रामनगर अस्पताल प्रभारी डॉ. शिवप्रताप सिंह, डॉ. वंदना पटेल, डॉ. शिवानी सोनी, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. महेंद्र मीणा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।



# डिवाइडर से टकराई कार युवक की मौत, चार गंभीर

## राष्ट्रीय राजमार्ग -39 में हुआ सड़क हादसा

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 26 अप्रैल. राष्ट्रीय राजमार्ग -39 सीधी- सिंगरौली मार्ग में शनिवार की रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार मे अनियंत्रित कार के जोगीपुर में डिवाइडर से टकराने पर एक युवक की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।**

सभी घायल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रीवा रेफर किए गए हैं। कार में सवार सभी घायल निवासी खैरा गांव के बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार इस हृदयविदारक घटना में अतुल शुक्ला निवासी जोगीपुर की मौत हो गई है। पूरे मामले को लेकर बताया गया है कि कार में सवार लोग सीधी आ रहे थे। अचानक जोगीपुर में कार डिवाइडर से टकरा गई जिस वजह से एक युवक की जान चली गई जबकि अन्य चार लोग घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार सीधी में कराने के बाद रीवा रेफर होने की जानकारी मिली है। कार में सवार मृतक युवक खुद वाहन चला रहा था। अचानक कार के अनियंत्रित होने के बाद यह हादसा हुआ है। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई है।

### इनका कहना है

घटना में कार डिवाइडर से टकराई और एक की मौत हो गई है। जो घायल थे उन्हें रीवा रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

**अभिषेक उपाध्याय**
नगर निरीक्षक कोतवाली

### अस्पताल पहुंचे कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आकाश चौहान रिंकू जिला अस्पताल पहुंचे। इस घटना पर नम आंखों से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मेरे पूज्य पिता स्व. बृजेन्द्रनाथ सिंह मिस्टर के अति प्रिय साथी वृंदावन शुक्ला निवासी खैरा के नाती अतुल शुक्ला का ग्राम जोगीपुर में भीषण सडक़ हादसा से असमय काल के गाल में समा जाना हृदय को चीर देने वाली घटना है। उन्होने जिला चिकित्सालय पहुंचकर शोकाकुल परिवार से संवेदना व्यक्त किए हैं।

# ट्रांसपोर्ट नगर में आग लगने से दस दुकानें जलकर राख



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बीती रात अचानक आग लग जाने से 10 दुकाने जलकर राख हो गई. शार्ट सर्किट के बाद टायरो में आग लगी और दुकानो को अपनी चपेट में ले लिया. रात 2 बजे के आसपास लगी आग से दुकाने जलकर राख हो गई. किसी तरह से दमकल ने आग पर काबू पाया.**

शनिवार की देर रात विद्युत शार्ट सर्किट के चलते आग लगी और टायर में आग लगने के बाद सीधे दुकाने तक फैल गई. एक-एक कर कई दुकाने आग की चपेट में आ गई. आग इतनी भीषण थी कि कई मीटर तक पलटे उठ रही थी. सिविल लाइन एवं कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद दमकल के साथ पुलिस पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू हुआ. कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया तब तक दुकानो में रखा सामान जलकर राख हो गया. लगभग 50 लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है. नुकसान का आकलन होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितने का नुकसान हुआ है. लेकिन पीड़ित दुकानदारो के मुताबिक लगभग 50 लाख का नुकसान हुआ है. आग लगने का कारण अभी विद्युत शार्ट सर्किट ही बताया जा रहा है, लेकिन जांच में स्पष्ट होगा कि आग कैसे लगी. पुलिस इसकी जांच कर रही है.

# सैनिक स्कूल रीवा में थल सेना प्रमुख का आगमन आज



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल,** सैनिक स्कूल रीवा में विद्यालय के पुरा छात्र व वर्तमान थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी वी एस एम, ए वी एस एम का सैनिक स्कूल रीवा में 27 अप्रैल को आगमन होगा.

थल सेना प्रमुख का यह दौरा विशेष रूप से कैडेट्स को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने हेतु प्रेरित करने तथा उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. अपने ही विद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में उनकी उपलब्धियाँ कैडेट्स के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिससे वे भी भविष्य में उच्चतम सफलता प्राप्त कर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित हो सकें. इस गौरवपूर्ण अवसर को लेकर विद्यालय परिवार एवं समस्त कैडेट्स में अत्यंत उत्साह एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है.

# फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

▶ सुरक्षा निरीक्षक ने लगाई पुलिस से गुहार

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 26 अप्रैल। एनसीएल निगाही क्षेत्र में पदस्थ एक सुरक्षा निरीक्षक ने खुद और अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।**

प्रार्थी सत्येन्द्र कुमार पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि कमलेश्वर पटेल ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। आवेदन के अनुसार घटना 24 अप्रैल की रात करीब 9:37 बजे की है, जब कमलेश्वर पटेल ने मोबाइल नंबर से कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इतना ही नहीं उनके द्वारा प्रार्थी के खिलाफ उच्च अधिकारियों के समक्ष झूठी शिकायत करने की बात भी कही गई। पीड़ित का कहना है कि इस घटना के बाद से वह और उसका परिवार भयभीत है। मानसिक तनाव इतना बढ़ गया है कि वह ड्यूटी पर जाने में असमर्थ हो गया है और अपने परिवार के साथ रीवा जाने का निर्णय लिया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कमलेश्वर पटेल की होगी। प्रार्थी ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एसपी सहित रीवा जोन के वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर सिंगरौली, थाना नवानगर प्रभारी और एनसीएल प्रबंधन को भी प्रतिलिपि भेजी गई है।

# बरगवां में बारात पर हमला, बिना शादी लौटे बाराती

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 26 अप्रैल। शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब बरगवां के डगा गांव में पहुंची एक बारात में अचानक हिंसा भड़क उठी।**



मिली जानकारी के अनुसार नारेंद्र साकेत पिता जियालाल साकेत निवासी बड़ोखर अपनी बारात लेकर डगा पहुंचे थे। बारात में आर्केस्ट्रा के दौरान कार्यक्रम चल रहा था, तभी लड़की पक्ष के मोहल्ले के करीब 8-10 युवक बारातियों के बीच घुस आए और अभद्र तरीके से नाचने लगे। बताया जा रहा है कि दूल्हे के बड़े भाई ने उन्हें ऐसा करने से मना करते हुए वहां से जाने को कहा। बस इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो कुछ ही देर में हिंसक झगड़े में बदल गया। जहां दूल्हे, उसके भाई और चाचा के साथ जमकर मारपीट एवं अचानक हमले से बारात में अफरा-तफरी और भगदड़ मचने के साथ कई लोग घायल, महिलाओं और बच्चों में दहशत का माहौल बन गया। दूल्हे के पिता ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान नकदी और गहनों की भी लूट की गई। घटना के बाद माहौल इतना बिगड़ गया कि दूल्हा पक्ष ने सुरक्षा और सम्मान को देखते हुए शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पूरी बारात बिना विवाह के ही वापस लौट गई और बरगवां थाने पहुंचे।

# पटवारी बनकर बुजुर्ग महिला के घर से उड़ाए लाखों के जेवरात

## बहरी थाना के कुशियारी गांव का मामला

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 26 अप्रैल. पटवारी बनकर एक युवक द्वारा घर में मौजूद अकेली बुजुर्ग महिला को रेलवे का 10 लाख का मुआवजा दिलाने के नाम पर लाखों के जेवरात एवं 15 हजार रुपए नकदी पार कर दिए गए।**



जेवर एवं नकदी गायब होने पर बुजुर्ग महिला जब संबंधित युवक के पीछे दौड़ी तो वह बाइक में रफूचक्कर हो गया। यह मामला बहरी थाना अंतर्गत कुशियारी गांव का सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता लखराजू शुक्ला पति जगदीश प्रसाद शुक्ला उम्र 75 वर्ष द्वारा बहरी थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विगत 22 अप्रैल को मेरे पति निमंत्रण में चले गए थे। घर पर वह अकेली थी, शाम करीब 5 बजे एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आया जो हेलमेट पहने हुए था। घर के बाहर मोटर साइकिल खड़ी कर मेरे पास आया और बोला कि मैं कुशियारी का पटवारी हूं। आपका रेलवे का 10 लाख का मुआवजा आया है। आप मुझे 500 रुपए दे दीजिए तो आपका मुआवजा पास करा दूंगा। यह सुनकर बुजुर्ग महिला कमरे के अंदर पैसा लेने गई तो पीछे-पीछे उक्त व्यक्ति भी पहुंच गया। बुजुर्ग महिला बरनी के अंदर से 500 रुपए निकालकर उस व्यक्ति को दे दिए। महिला का ध्यान दूसरी तरफ भटकाते हुए उक्त व्यक्ति द्वारा बरनी के अंदर रखा पर्स जिसमें 15 हजार रुपए थे। उसके साथ ही जेवरातों को भी चुरा लिया।

### पुलिस को सौंपी जेवरों की सूची

जेवरातों में सोने का मंगलसूत्र एक नग, सोने का चैन एक नग, सोने का झुमका एक नग, सोने की मोहर 3 नग, सोने का फेरबा एक नग, सोने की तीन लॉकेट पार कर दिया गया। इसके बाद महिला को चोरी की भनक लगी तो वह जल्द घर से बाहर निकली लेकिन तब तक आरोपी मोटर साइकिल से भाग गया था। कुछ समय के अंदर ही महिला के पति भी आ गए तो उन्हें भी जानकारी दी गई।

# तेंदुआ में दो किसानों के खलिहानों में लगी भीषण आग, आगजनी का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 26 अप्रैल. जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदुआ में एक ही रात दो किसानों के खलिहानों में लगी आग ने हड़कंप मचा दिया।**



एक घटना जहां बारात के दौरान छोड़े गए पटाखों से हुई, वहीं दूसरी घटना को लेकर जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। दोनों घटनाओं में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदुआ गांव निवासी लालमणि कोरी के खलिहान में आग उस समय लगी जब गांव में राजीव लोचन द्विवेदी के यहां बारात आई हुई थी। बारात में की जा रही आतिशबाजी के दौरान एक पटाखा उड़कर लालमणि कोरी के खलिहान में जा गिरा। खलिहान में रखा सूखा भूसा और अनाज तुरंत आग की चपेट में आ गया और देखते ही देखते पूरा खलिहान धू-धू कर जलने लगा। वहीं दूसरी घटना में राजीव लोचन द्विवेदी के खलिहान में भी आग लग गई। इस मामले को लेकर स्थिति संदिग्ध बताई जा रही है। खेत में काम करने वाले एक मजदूर ने दावा किया है कि यह आग प्राकृतिक नहीं, बल्कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर लगाई गई है। मजदूर के इस बयान के बाद गांव में आक्रोश बढ़ गया है और आगजनी की साजिश की चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक दोनों खलिहानों में रखा अनाज, भूसा और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

### जमोड़ी पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही जमोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है, वहीं संदिग्ध आगजनी के मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। मुआवजे की मांग घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता दी जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दोहरी आगजनी की घटना ने गांव में भय और गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है, वहीं फायर ब्रिगेड की देरी ने व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# प्री-प्रायमरी से कक्षा 5वीं तक के लिए अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 26 अप्रैल.** जिले में तापमान वृद्धि होने के कारण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन आदेश क्र./शिक्षा/ग्रीष्मकाल/2026/85 दिनांक 18 अप्रैल 2026 के द्वारा सीधी जिले में संचालित शासकीय/अशासकीय/आईसीएसई / सीबीएसई / माध्यमिक शिक्षा मंडल/अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्यापन का समय प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत किया गया है। अब जिले में तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्री-प्रायमरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 27 अप्रैल 2026 से दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक के लिए अवकाश घोषित किया जाता है। इस दौरान शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों के अध्यापन की निरन्तरता सुनिश्चित करेंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अध्यापन का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक यथावत रहेगा।

### कमिश्नर आज करेंगे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**रीवा, 26 अप्रैल,** कमिश्नर बीएस जामोद 27 अप्रैल को सतना एवं सीधी जिले के स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे आरंभ होगी.

**संभागीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक आज-** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 27 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गयी है.

# युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, रास्ते में मौत

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 26 अप्रैल। जिले के सरई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई।**

जानकारी के अनुसार कौशल प्रसाद साकेत उम्र 39 निवासी खाखीपार लोहरा डोल एक पारिवारिक निमंत्रण में शामिल होने के बाद रात करीब 2 बजे अपनी ससुराल सेमरिया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सरई पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि हालत नाजुक होने के कारण युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। सरई पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों और स्थानीय लोगों से पूछतांछ के आधार पर आरोपी वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।


**Maharashtra University Of Health Sciences, Nashik**
MUHS
Dindori Road, Mhasrul, Nashik-422004
Phone No. 0253-2539236
Email: registrar@muhs.ac.in, civil@muhs.ac.in,
Website: http://www.muhs.ac.in

**E-tender Notice No-Civil/03/2026**

Maharashtra University of Health Sciences invites e-tenders for providing temporary services of skilled and unskilled manpower by the contractor on contractual basis for Gardening Work in MUHS Campus, Nashik for a period of two years.

The e-tender form, form fee, earnest money, terms and conditions are published on the website http://mahatenders.gov.in The actual work should be inspected before submitting the e-tender.

Date: 27/04/2026 **Registrar**


# सफलतापूर्वक किया गया विंध्य का पहला पीडियाट्रिक कार्डियक प्रोसीजर

## सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल को चिकित्सा के क्षेत्र में मिली ऐतिहासिक उपलब्धि



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, विंध्य क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है. रीवा के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने एक 6 वर्षीय बालिका के हृदय के जन्मजात दोष को सफलतापूर्वक बंद कर क्षेत्र का पहला बाल चिकित्सा कार्डियक प्रोसीजर संपन्न किया है.**

पन्ना की निवासी छह वर्षीय नायरा बानो जन्म से ही हृदय में छेद की समस्या से जूझ रही थी, जिसके कारण उसका वजन नहीं बढ़ रहा था और वह बार-बार बीमार पड़ने के साथ जल्दी थक जाती थी. कई स्थानों पर भटकने के बाद जब परिजन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल रीवा पहुँचे, तब डॉ. त्रिपाठी ने परीक्षण और इकोकार्डियोग्राफी के माध्यम से दो बड़ी नसों के बीच असामान्य कनेक्शन की पहचान की. अस्पताल के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि यहाँ पहले बच्चों के हृदय से जुड़ी ऐसी जटिल प्रक्रियाएं नहीं की गई थीं. डॉ. त्रिपाठी ने अपनी कुशल टीम, जिसमें एनेस्थेटिस्ट डॉ. लाल प्रवीण, कैथ टेक्नीशियन और नर्सिंग स्टाफ शामिल थे, की सहायता से बिना किसी जटिलता के इस छेद को बंद कर दिया.

इस सफलता पर डॉ. त्रिपाठी ने इसे पूरी टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया और कहा कि अब विंध्य के बच्चों को उच्च स्तरीय हृदय उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा. अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव और अधिष्ठाता डॉ. सुनील अग्रवाल ने जानकारी दी कि बच्ची का यह पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह नि:शुल्क किया गया है. इस अभूतपूर्व सफलता को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की रीवा को मेडिकल हब बनाने की दूरगामी सोच का परिणाम माना जा रहा है. इस उपलब्धि के बाद अब विंध्य क्षेत्र के मरीजों को महंगे इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. प्रोसीजर के बाद अब बालिका नायरा पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रही है.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99